Title: Need to ensure early payment of dues to sugarcane growers in Azamgarh district, Uttar Pradesh.

डॉ. बलिराम (लालगंज) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपद आजमगढ़ में स्थित सठियाँव शूगर मिल वा जनपद मऊ में स्थित घोसी सुगर मिल की ओर दिलाना चाहता हूं। आजमगढ़ व मऊ क्षेत्र में रहन वाले किसानों की मुख्य नकदी फसल गन्ना ही है। आज यहां का गन्ना किसान भुखमरी की स्थिति में है तथा गन्ने का उत्पादन बन्द करने की सोच रहा है। इसका मुख्य कारण दोनों सरकारी चीनी मिलों द्वारा गन्ने के भुगतान पर लगी रोक है। गतवर्ष आजमगढ़ स्थित सठिगांव मिल ने किसानों से पांच करोड़ रुपए का गन्ना खरीदा लेंकिन भगुतान सिर्फ एक करोड़ रुपए का किया और बकाया चार करोड़ रुपये का भुगतान आज तक नहीं किया। यही हाल घोसी, मऊ, चीनी मिल का भी है। किसानों से छः करोड़ रुपए का गन्ना खरीदा, भुगतान सिर्फ १.५ करोड़ का किया, बकाया ४.५ करोड़ रुपये का भुगतान आज तक नहीं हुआ है।

अतः आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि सठियाँव द घोसी चीनी मिल पर किसानों की बकाया राशि का तत्काल भुगतान कराया जाए।

&nbs